Regarding need for high level inquiry into alleged irregularities under Jal Jeevan Mission- Laid

श्री नीरज मौर्य (आंवला) **:** जल जीवन मिशन के तहत हर घर योजना में अनियमितताएं व्याप्त हैं और मेरे क्षेत्र आंवला, जनपद बरेली, बदायूँ समस्त उत्तर प्रदेश में उक्त योजना से लोगों को सुचारू रूप से पीने का पानी नहीं मिल रहा है । अधिकतर गांवों में पेयजल शुद्धि की गंभीर समस्या बनी रहती है । इस योजना के तहत गांव की गलियां भी खोदी गई हैं, जिनकी मरम्मत अधूरी पड़ी है । अत: मेरा सरकार से आग्रह है कि पूरी योजना की उच्चस्तरीय जांच कराकर शीघ्र शुद्ध पेयजल की सप्लाई ग्रामीणों को कराई जाए ।